**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 09.08.2026**

**कोतवाली कालपी पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 01 शातिर चोर को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।**

अवगत कराना है कि दिनांक 06.08.2026 को कोतवाली कालपी में वादी श्री सरमान सिंह द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि अज्ञात चोर द्वारा वादी के घर से नगदी व जेवरात चोरी कर लिया गया है। जिसके संबन्ध में कोतवाली कालपी में मु0अ0सं0 180/2026 धारा 331(4)/305 बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत हुआ था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 09.08.2026 को कोतवाली कालपी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्त शिवम पुत्र बालमुकुन्द दुबे निवासी ग्राम पिथऊपुर थाना सिरसाकलार जनपद जालौन को चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित पीली व सफेद धातु के आभूषण व 2,72,020/- रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 03.08.2026 को मोहल्ला रामगंज से मैंने कुछ जेवरात व रूपये चोरी किये थे जिसमें पूरा जेवरात व 1,52,020/- रूपये आप लोगो ने बरामद कर लिये हैं और दिनांक 07.03.2026 को मोहल्ला हरीगंज में भी मैंने कुछ जेवरात व 22,000/- रूपये की चोरी की थी, जिसमें चुराये हुए जेवरात को 2,28,000/- रूपये में बेच दिया था। जिसमें से मैंने 1,30,000/- रूपये खर्च कर लिये हैं और 1,20,000/- रूपये आप लोगो ने बरामद कर लिये हैं।

**अभियुक्त का विवरण-**

1. शिवम पुत्र बालमुकुन्द दुबे उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम पिथऊपुर थाना सिरसाकलार जनपद जालौन

**अभियुक्त शिवम उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 180/26 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कालपी जनपद जालौन
2. मु0अ0सं0 43/26 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कालपी जनपद जालौन
3. मु0अ0सं0 66/2022 धारा 363/366 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना कालपी जनपद जालौन

**बरामदगी का विवरण-**

1. 2,72020/- रूपये नगद(1,20,000/- रूपये मु0अ0सं0 43/26 व 1,52,020/- रूपये मु0अ0सं0 180/26 कोतवाली कालपी से सम्बन्धित)
2. पीली धातु के- 02 अदद मंगलसूत्र, 02 अदद अंगूठी, 01 अदद चैन, 02 जोड़ी टॉप्स, 01 जोड़ी झुमकी, 01 अदद नाक नथ, 01 जोड़ी सुई धागा(मु0अ0सं0 180/26 कोतवाली कालपी से सम्बन्धित)
3. सफेद धातु की- 01 अदद कमर पेटी, 03 जोड़ी पायल, 02 पायल अलग-अलग, 01 जोड़ी हथफूल, 03 जोड़ी बिछिया, 01 नोट, 02 गोल सिक्के, 01 हाय(मु0अ0सं0 180/26 कोतवाली कालपी से सम्बन्धित)

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्र0नि0 कोतवाली कालपी मय पुलिस टीम।